सीमा औद्योगिक संघ ने दादरा में उद्योगपतियों की समस्याओं को सुनने के लिए शुरू किया नया कार्यालय

■ सिलवासा इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रकांत पारेख एवं पूर्व उपजिलाधिकारी नटू साहनी ने संयुक्त रुप से किया कार्यालय का उद्घाटन

सिलवासा 31 मई। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली में औद्योगिक सफर तो वैसे 1973 में शुरू हुआ था और उसी समय औद्योगिक हितों को संरक्षित रखने के लिए औद्योगिक एसोसिएशन की नींव रखी गई थी। लेकिन 2011 में चंद्रकांत पारेख एवं उनके सहयोगी छोटे एवं लघु उद्योगों के हितों को बरकरार रखने एवं उनके लिए काम करने के लिए सिलवासा इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन की स्थापना किया था, जिसके बाद यह एसोसिएशन छोटे एवं लघु उद्योगों के हितों के लिए लड़ता रहा है। अब सीमा अपनी सीमाओं को बढ़ाते हुए सिलवासा से निकलकर सघन औद्योगिक क्षेत्र वाले दादरा में भी अपना कार्यालय शुरू किया है। इस कार्यालय का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रकांत पारेख एवं पूर्व उपजिलाधिकारी नटूभाई के हाथों किया गया। इस अवसर पर चंद्रकांत पारेख ने लघु एवं छोटे उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीमा का उद्देश्य उन उद्योगपतियों को न्याय दिलाना है जिन्हें नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि बड़ी-बड़ी औद्योगिक कंपनियों के कॉर्पोरेट होते हैं और (समाचार का शेष पेज 2 पर)

(पेज 8 का शेष समाचार)

सीमा औद्योगिक संघ ने दादरा में उद्योगपतियों की समस्याओं को सुनने के लिए शुरू किया...

उनके प्रशासनिक काम एक फोन से हो जाया करते हैं। लेकिन छोटे-लघु उद्योगपति को सभी कार्यालय में खुद ही जाना पड़ता है और अपने काम भाग-भाग कर कराने पड़ते हैं, उसके बावजूद प्रशासनिक कार्यालयों में उनकी कम ही सुनी जाती है। अब इस समस्या से निपटने के लिए सीमा की स्थापना की गई और उसे दादरा नगर हवेली के हर एक औद्योगिक क्षेत्र तक पहुंचाया जाएगा। जिससे लघु एवं छोटे इकाईयों के संचालक आसानी से अपनी समस्याओं को उन तक पहुंचा सके। उन्होंने दादरा के सभी छोटे एवं लघु उद्योगपतियों का आह्वान करते हुए कहा कि उनके पास बिजली-सड़क-पानी रिफंड पीसीसी क्लीयरेंस और अन्य प्रशासनिक समस्याओं से जुडी कोई भी समस्या है तो उसे यह संस्था प्रशासन तक अवश्य पहुंचाएगा। दादरा नगर हवेली में मोदी सरकार के उस सपने को पूरा करने में सहयोग करेगा जो कि मेक इन इंडिया के तहत इजी गो टू बिजनेस का नाम दिया गया है। इस अवसर पर पूर्व जिलाधिकारी का चंद्रकांत पारेख एवं नरेंद्र त्रिवेदी ने शॉल ओढाकर एवं श्रीफल देकर सम्मान किया। इस अवसर पर दीपक देसाई, अजीत देशपांडे, सुनील इशारे, पिंकी खेमनानी, अजीतभाई, देवसीभाई, अमित अग्रवाल, डी. के. दत्ता, जगदीश बुडानिया, भागीरथीजी, आर. पी. शर्मा सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।